वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 333 | रविवार 2 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का ट्वीट**

## राजेंद्र राठौड़ नेता प्रतिपक्ष, विधायक दल की बैठक में होगा नाम का ऐलान!


**जयपुर. कासं।** गुलाबचंद कटारिया के असम का राज्यपाल बनने के बाद अब भाजपा जल्द ही नए नेता प्रतिपक्ष का ऐलान करने जा रही है। भाजपा की ओर से 2 अप्रैल को नेता प्रतिपक्ष के चयन के लिए विधायक दल की बैठक बुलाई गई। इससे पहले शुक्रवार रात भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष चंद्र प्रकाश (सीपी) जोशी ने एक ट्वीट किया। इसमें राजेंद्र राठौड़ को नेता प्रतिपक्ष बता दिया। हालांकि कुछ ही देर बाद ट्वीट डिलीट कर दिया। इस ट्वीट से सियासी हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि राजेंद्र राठौड़ ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए नजर आएंगे।

# जयपुर नगर निगम में रिकॉर्ड रिकवरी

**पहली बार यूडीटी के पेटे 88.34 करोड़ रुपए वसूले; अनुदान पर गहराए संकट के बादल हटे**

**जयपुर. कासं**

जयपुर नगर निगम में इस साल यूडीटैक्स की रिकॉर्ड रिकवरी हुई है। इस रिकवरी के साथ ही नगर निगम पर अनुदान न मिलने का संकट मंडरा रहा था वो दूर हो गया क्योंकि पिछले दिनों केन्द्र सरकार ने प्रदेश की सभी नगरीय निकायों को पिछले साल के मुकाबले ज्यादा वसूलने के लिए कहा था। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में दोनों नगर निगम (ग्रेटर और हैरिटेज) में यूडीटैक्स 72.92 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई है लेकिन कल खत्म हुए वित्तवर्ष 2022-23 में रिकवरी 88.34 करोड़ रुपए की हुई है। नगर निगम में रेवेन्यू का सबसे बड़ा स्त्रोत यूडीटैक्स है। केन्द्र सरकार ने भी निकायों को हर साल ज्यादा से ज्यादा यूडीटैक्स वसूलने के लिए कहा है। पिछले दिनों जब केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने पत्र लिखा था तब उसमें यूडीटैक्स की वसूली 4.30 फीसदी की ग्रोथ रेट से वसूलने के लिए कहा था। ऐसा नहीं करने पर



केन्द्रीय वित्त आयोग की तरफ से निकायों को जो फंड जारी किया जाता है उसे रोक लिया।

### 1.59 लाख प्रोप्टी है जयपुर शहर में

जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज में 1.59 लाख से ज्यादा सम्पत्तियां है, जो टैक्स के दायरे में आती है। इनमें से ये टैक्स करीब 32 हजार प्रोपर्टी के मालिकों से ही वसूल किया गया है। वहीं सरकारी और कई ऐसी बड़ी निजी सम्पत्तियां है, जिन पर अब भी करोड़ों रुपए का यूडीटैक्स बकाया चल रहा है।

### 10 फीसदी देना पड़ेगा कमीशन

नगर निगम को यूडीटैक्स से भले ही इस बार रिकॉर्ड वसूली हुई हो, लेकिन इसमें से 10 फीसदी राशि नगर निगम को टैक्स वसूलने वाली एजेंसी को देनी होगी। नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज एरिया में अभी स्पैरो नाम से कंपनी यूडीटैक्स की वसूली करती है। इसके बदले कंपनी को 9.9 फीसदी राशि कमीशन के रूप में दी जाती है। हालांकि दिन-प्रतिदिन निगम की ताकत बढ़ाने पर चर्चा होती है।

# स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण क्षेत्र में हो रहा मेरी कल्पना से ज्यादा काम: मुख्य सचिव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शनिवार को चूरू जिले के भ्रमण पर रहीं मुख्य सचिव उषा शर्मा जिले में हो रहे नवाचारों, विशेषकर रतननगर के कचरा पृथक्कीकरण एवं निस्तारण तथा डिजिटल व वित्तीय साक्षरता के लिए संचालित कम्प्यूटर सखी से बेहद प्रभावित नजर आईं। उन्होंने मुक्तकंठ से यहां हो रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि जयपुर में बैठकर मैं जब इस बारे में सुनती थी तो सोचती थी कि इतना कैसे संभव है लेकिन यहां देखकर पाया है कि मेरी कल्पना से भी ज्यादा बेहतर कार्य यहां हुआ है। भ्रमण के दौरान उन्होंने रतननगर में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा राजगढ़ रोड़ पर रतननगर पालिका द्वारा बनाए गए रिसोर्स रिकवरी सेंटर पर कचरा पृथक्कीकरण प्रक्रिया का डेमोंस्ट्रेशन देखा। उन्होंने मटका विधि से होम कम्पोस्ट निर्माण के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न नवाचारों के लिए जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की पहल को सराहा और कहा कि जिला प्रशासन एवं रतननगर पालिका ने अपने उद्देश्यों को पूरा किया है। जिले में किया गया यह कार्य सशक्तिकरण, स्वावलंबन और आत्मविश्वास का अनूठा उदाहरण है। पूरे



राजस्थान को चूरू से प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं सेग्रीगेशन कार्यों में आमजन की भागीदारी सराहनीय है। यह जानकर अधिक खुशी हुई कि रतननगर से शुरू हुआ कार्य अब जिले के समस्त नगर निकाय क्षेत्रों में किया जाएगा। रतननगर में किए जा रहे सौंदर्यकरण कार्य की भी उन्होंने सराहना की।

### समस्त कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जा रहा है...

जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने रतननगर नगर पालिका को स्वच्छता में मॉडल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के लिए हो रहे नवाचार कम्प्यूटर सखी तथा जिले में हो रहे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रतननगर पालिका में किए जा रहे कार्यों को पूरे जिले में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। रतनगढ़ नगरपालिका इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट पर ऋतुराज ने प्रजेंटेशन दिया। रतननगर की अर्चना गाड़ोदिया द्वारा लिखित पुस्तक राकेश शर्मा ने मुख्य सचिव को भेंट की। इससे पूर्व चूरू सभापति पायल सैनी और रतननगर नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य सचिव का स्वागत किया। पालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर ने बताया कि जिला कलक्टर की पहल पर पालिका और फिनिश सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्य को आमजन को बेहतरीन सहयोग मिला है।

# प्रज्ञा इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनल्टी डवलपमेट में रक्तदान शिविर आयोजित, 211 यूनिट रक्त एकत्र



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा राजस्थान रीजन के तत्वावधान में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक लगाए जा रहे 32 रक्तदान शिविर में से एक शिविर प्रज्ञा इंसटियुट ऑफ पर्सनल्टी डवलपमेट में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्रज्ञा के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि प्रातः 9 बजे से साय 4 बजे तक चले शिविर में रक्तदाताओं में अपूर्व उत्साह था। शिविर में 211 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सन्मति अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि अभी तक लगाए गए 24 शिविरो में इस शिविर में सर्वाधिक रक्त एकत्र किया गया। शिविर का बरकत नगर जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिविर परामर्शक दर्शन जैन, सन्मति अध्यक्ष राकेश गोदिका, कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या, उपाध्यक्ष चक्रेश जैन, राकेश संघी, विनोद सोगानी, सचिव अनिल संघी, संगठन सचिव राजेश छाबड़ा, राजेश पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य अशोक सेठी, अनिल रावका, बैंकर्स फोरम के भागचंद जैन तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## घर-घर मंगलाचार का भव्य आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महसमिती महिला अंचल त्रिशला सम्भाग के द्वारा भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती तक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम के अंतर्गत 1 अप्रैल को दुर्गापुरा में श्री त्रिशला सम्भाग कि सचिव रेणु जी पांड्या के यहां सम्पन्न हुआ। त्रिशला सम्भाग की अध्यक्ष श्रीमती चन्दा सेठी ने बताया कि ग्रुप की सभी सद्स्य और दुर्गा पुरा जैन समाज के सभी श्रेस्ठी परिवार जन ने हर्सोल्लस के साथ इस कार्यक्रम का आनन्द लिया



# भगवान अरहनाथ एवं भगवान सुमतिनाथ का मोक्ष कल्याणक हर्ष और उल्लास के साथ मनाया



विमल जोला. शाबाश इंडिया।

निवाई। शनिवार को बिचला जैन मंदिर में जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा भगवान अरहनाथ एवं भगवान सुमतिनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जिसमें श्री जी की शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में शनिवार को भगवान अरहनाथ की शांतिधारा एवं प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सूरजमल विमल कुमार पदमचंद चंद्रप्रकाश जैन पाटनी जौंला परिवार को मिला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गाजेबाजे के साथ भगवान अरहनाथ एवं भगवान सुमतिनाथ के समक्ष निर्वाण लड्डू चढ़ाया। इस अवसर पर श्री जी के समक्ष निर्वाण लड्डू चडाने का सोभाग्य सुरेन्द्र कुमार टोंग्या को मिला। इस दौरान 16 दिवसीय पखवाड़े के दौरान बिचला मंदिर में महिलाओं ने शांति मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की।

# समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा स्मृति जीवन रक्षक सम्मान समारोह आज 2 अप्रैल को

## 48 मंडल पर 48 दीप अनुष्ठान आज रविवार 2 अप्रैल को सायं 7 बजे से

जयपुर. शाबाश इंडिया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा राजस्थान रीजन के तत्वावधान में विभिन्न 51 संस्थाओं के सहयोग से 32 रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सन्मति अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि रक्तदान शिविर आयोजन करने वाली समस्त संस्थाओं को आज सायकाल होने वाले भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान के अंतर्गत समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा स्मृति जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। समारोह के गौरव श्रेष्ठि अशोक - सुशीला पाटनी, नंदकिशोर प्रमोद पहाड़िया, श्रीमती त्रिशाला जी गोधा, मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी दीनदयाल पाटनी, दीप प्रज्वलन कर्ता सुनील - सपना जैन, विशिष्ठ अथिति श्रीमति रेणु, मोहित राणा होंगे।

जैन समाज अशोक नगर, सी–स्कीम, जयपुर
श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर
ई–3, गोखले मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302001
महावीर जयंती के उपलक्ष में
दीपोत्सव एवं महाआरती
स्थान : अहिंसा सर्किल, सी–स्कीम, जयपुर
महावीर जयंती की पूर्व संध्या 2 अप्रैल 2023
सायंकाल 8:00 बजे
आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

।। श्री चन्द्रप्रभ नमः ।।
श्री दिगम्बर जैन चन्द्रप्रभु महिला मण्डल
दुर्गापुरा, टोंक रोड़, जयपुर–302 018
भव्य भक्ति संध्या
महावीर जयन्ती की पूर्व संध्या पर
रविवार, 2 अप्रैल 2023 – सायं 7.15 बजे
स्थान:
श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभजी
टोंक रोड़, दुर्गापुरा, जयपुर
संगीतकार
पालना झुलाना
सामूहिक महाआरती सायं 7.15 बजे
महेश एण्ड पार्टी महुआ
आप सभी सपरिवार सादर आमन्त्रित हैं।
अध्यक्ष श्रीमती रेखा लुहाडिया 95303-83358
संरक्षक श्रीमती चंदा सेठी
मंत्री श्रीमती रानी सौगानी 94608-72268
उपाध्यक्ष श्रीमती रेणु पाण्ड्या
संयुक्त मंत्री श्रीमती रितु चाँदवाड
कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा अजमेरा
सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती सीमा सेठी
सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती रेखा पाटनी
प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती मोना चांदवाड
आहार चर्या मंत्री श्रीमती प्रेम देवी बाकलीवाल
आहार चर्या मंत्री श्रीमती सुशीला काला
कार्यकारिणी सदस्य
श्रीमती छवि जैन, श्रीमती सुनीता पाटोदी, श्रीमती पुष्पा गंगवाल, श्रीमती रानी बोहरा, श्रीमती नीरु पाण्ड्या, श्रीमती संगीता काला
श्रीमती शिल्पी काला, श्रीमती प्रीती पाटनी, श्रीमती सुशीला कासलीवाल, श्रीमती सीमा बाकलीवाल, श्रीमती माया संगही
अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ (दौसा वाले)
मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला (बन्दलाई वाले)
एवं समस्त कार्यकारिणी
श्री दिगम्बर जैन मन्दिर (चन्द्रप्रभजी) ट्रस्ट, दुर्गापुरा
सकल दिगम्बर जैन समाज दुर्गापुरा, जयपुर



Happy Anniversary
तरुण–स्वेता जैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य
को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत–बहुत बधाइयां
2 अप्रैल
मोबाइल: 9782975211
शुभकामनाओं सहित
संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष
प्रदीप जैन संस्थापक अध्यक्ष
सुनील गंगवाल सचिव
समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार



## वेद ज्ञान

### स्वयं को पहचानें...

ऊंचाई विकास का प्रतीक है। ऊपर उठने का अर्थ है दृष्टि बदल जाना। नीचे रहने पर जो चीजें हमें लुभाती हैं और हमारे लिए बहुत बड़ी होती हैं, जैसे-जैसे ऊपर उठते जाएं, वे छोटी और अनाकर्षक होती जाती हैं। कभी वायुयान की खिड़की से नीचे देखें, तो बड़े-बड़े महल माचिस की डिब्बी जैसे लगते हैं, आलीशान कारें चीटियों-सी रेंगती नजर आती हैं। लोग बिंदु जैसे दिखते हैं। ऊंचे उठने पर हमें यह भी अहसास होता है कि हमारे पैरों तले कोई आधार नहीं है और जीवन का कोई भरोसा नहीं। अधिक ऊपर चले जाएं तो नीचे एक शून्य के दर्शन होते हैं और तीव्र विरक्ति पैदा होती है। यह शून्य ही वास्तविकता है, किंतु हम इसे मानने को तैयार नहीं हैं। ऊपर उठने के बाद हमें ऊपर की विशालता और सुंदरता का भी ज्ञान होता है। जिसे हमने अपनी दुनिया समझ रखा था, वह वास्तव में व्यापक रचना का बिंदु मात्र है। जिसे हम सुंदर मान कर मोहित हो रहे थे, वह सुंदरता का आभास है। व्यापक और वास्तविक सुंदरता तो तब नजर आती है, जब हम समदृष्टि से पूरे ब्रह्मांड को एकबारगी देख पाते हैं। नीचे रह के हमारी देखने की क्षमता संकुचित हो जाती है और जो कुछ हमें दिख रहा होता है, उसे ही सच और सुंदर मान लेने के अतिरिक्त हमारे पास और कोई विकल्प नहीं होता। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि जितना हम देख पा रहे हैं, दुनिया उसके आगे नहीं है। देखने, सुनने और समझने की हमारी सीमाएं हैं। यह भी तय है कि सच अपार और अनंत है। यदि ऐसा न होता, तो नित नई खोजें, नई जानकारियां हमें विस्मित न करती रहतीं। ऋषियों, मुनियों, धर्मात्माओं ने ऊंचे उठकर नए अनुभव हासिल किए, जिनमें से कुछ उन्होंने संसार के साथ बांटे भी। इसके बावजूद हमारा ज्ञान अति अल्प है। मनुष्य अभी तक जन्म और मृत्यु का ही रहस्य नहीं समझ पाया है। यदि निश्चित और अंतिम कुछ नहीं है तो मनुष्य स्वयं को ज्ञानी कैसे कह सकता है? हमारी समस्या है कि हमने निकटता वहां पैदा कर ली है, जहां दूरी होनी चाहिए। इससे हम वहां से दूर हो गए हैं, जहां हमें पहुंचना था। हम अपनी समझ के बनाए गए बुलबुले में कैद हो कर रह गए हैं। इससे बाहर आना ही ऊपर उठना है। तभी हम अपना उत्थान कर सकते हैं। सच तो यह है कि जो व्यक्ति अपना उत्थान या आत्म-कल्याण नहीं कर सकता, वह परिवार का कल्याण, समाज का कल्याण और राष्ट्र का कल्याण कदापि नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# क्या आज के दौर में भी उपभोक्ता बादशाह है?

व्यावसायिक जगत में यह मान्यता प्रचलित है कि उपभोक्ता बादशाह होता है। इस कानून के अंतर्गत मिले अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम आम उपभोक्ता की स्थिति जानने का प्रयास करें, तो लगेगा कि अधिकतर मामलों में उपभोक्ता के अधिकारों का हनन ही होता है। व्यवसाय और उद्योग जगत, सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों और संस्थाओं द्वारा नित नए तरीके से उपभोक्ताओं के शोषण का रास्ता निकाला जाता है। व्यावसायिक जगत में यह मान्यता प्रचलित है कि उपभोक्ता बादशाह होता है। मगर आज के दौर में वह कितना बड़ा और प्रभावी बादशाह रह गया है, यह विचारणीय सवाल है। प्रत्येक व्यक्ति, जो मूल्य देकर किसी वस्तु या सेवा का क्रय करता है, वह उपभोक्ता है, चाहे उसकी आयु, लिंग, व्यवसाय, समुदाय तथा धार्मिक विचारधारा कुछ भी हो। उपभोक्ता के अधिकारों के सरंक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र की भावना के अनुरूप बहुत से देशों में उपभोक्ता संरक्षण कानून बनाए गए हैं। भारत में भी 1986 में



पहली बार उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। इससे पहले उपभोक्ताओं को किसी एक कानून के अंतर्गत सुरक्षा नहीं मिलती थी। इस अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ताओं हितों की सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार उनके कुछ मूलभूत अधिकार शामिल किए गए। वर्ष 2019 में नए व्यावसायिक परिवेश को देखते हुए 1986 के कानून में व्यापक परिवर्तन करते हुए उसके स्थान पर एक नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। यह 20 जुलाई, 2020 से लागू है। वर्ष 1986 में जब पहली बार उपभोक्ता कानून लागू किया गया था, तब उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्त कराने के मकसद से उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ किया गया था। नए कानून में भी उपभोक्ता के अधिकारों का दायरा बढ़ाते हुए जो अधिकार शामिल किए गए, उनमें (क) ऐसे माल, उत्पाद या सेवाएं, जो व्यक्ति के जीवन और संपत्ति के लिए हानिकारक हैं, उनके विपणन के विरुद्ध सरंक्षण पाने का अधिकार (ख) माल उत्पाद या सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और कीमत के विषय में सूचना प्राप्त करने का अधिकार (ग) उपभोक्ता को विक्रय किए जाने का विभिन्न प्रकार के माल, उत्पादों या सेवाओं तक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पहुंच का अधिकार (घ) अगर माल, उत्पाद या सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि या कमी है तो उसकी शिकायत सुने जाने और उपयुक्त मंच पर उसकी शिकायत का समाधान पाने के अधिकार को संरक्षित किया गया। (च) अगर व्यवसायी द्वारा अनुचित व्यापार व्यवहार से उपभोक्ताओं का अनैतिक शोषण किया जाता है, तो उसके विरुद्ध समुचित उपचार प्राप्त करने का अधिकार और (छ) उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता से जुड़े अधिकार प्रमुख हैं। इस कानून के अंतर्गत मिले अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम आम उपभोक्ता की स्थिति जानने का प्रयास करें, तो लगेगा कि अधिकतर मामलों में उपभोक्ता के अधिकारों का हनन ही होता है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जानलेवा जुनून!

यह चिंता का विषय है कि उम्र का ऐसा दौर, जब समय और ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल कर अपना भविष्य गढ़ा जाना चाहिए, युवा एक आभासी मायाजाल में उलझ रहे हैं। महिलाएं अपनी निजता और सुरक्षा को दांव पर लगा रही हैं। बच्चे अजब-गजब भाषा बोल रहे हैं। यह दिशाहीनता लोगों के व्यक्तिगत जीवन पर ही नहीं, पूरे सामाजिक परिवेश पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली है। आभासी मंचों पर अजब-गजब करतब करते हुए तारीफें बटोरने का जुनून लोगों की जिंदगी लील रहा है। हर कहीं रील्स और वीडियो फिल्माने की सनक अपनी ही नहीं, दूसरों के लिए भी असुरक्षा और असहजता का कारण बन गई है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि छिटपुट कमाई करने की धुन और आत्ममुग्धता के चलते अपनी ऊर्जा गंवाने और जीवन तक को दांव पर लगाने वालों में हर आयुवर्ग के लोग शामिल हैं। देखने में आ रहा है कि महिलाओं, पुरुषों और युवक-युवतियों के ही नहीं, छोटे-छोटे बच्चों के रील्स भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस जुनून में लोगों को न समय का होश रहता है और न स्थान की फिक्र। बस, ट्रेन, हवाई जहाज हो या नदी, समुद्र का किनारा, जान को जोखिम में डालते हुए वीडियो बनाए जा रहे हैं। कभी मोटर साइकिल पर खतरनाक बाजीगरी की जा रही है, तो कभी बहते पानी में करतब करने का जोखिम लिया जा रहा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि युवाओं में बढ़ती इस सनक के कारण अब कई जगह रील्स या वीडियो फिल्माने पर पाबंदी लगाई जा रही है। हाल ही में दिल्ली मेट्रो ने बाकायदा ट्वीट कर कहा कि यात्रा करें, परेशानी पैदा न करें। इस संदेश के साथ यह नियम भी लोगों तक पहुंचाया गया है कि दिल्ली मेट्रो के अंदर रील या कोई भी वीडियो फिल्माना सख्त मना है। इससे यात्रियों को परेशानी हो सकती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के नए नियमों के मुताबिक अब मेट्रो में रील बनाने की शिकायत मिलने पर रेल परिचालक, स्टेशन नियंत्रक या सुरक्षाकर्मी यात्री को ट्रेन से भी उतार सकते हैं। इसके अलावा, दो सौ रुपए के जुमार्ने का भी प्रावधान किया गया है। दरअसल, यह नियम दूसरे यात्रियों को होने वाली असुविधा और खुद रील्स बनाने वालों की सुरक्षा के मद्देनजर लागू किया गया है। मेट्रो में कई बार अश्लील वीडियो बनाने के मामले भी सामने आ चुके हैं। गौरतब है कि पहले चेतावनी जारी किए जाने के बावजूद वीडियो फिल्माने का सिलसिला नहीं रुका, तो अब सख्त नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, यह सनक युवाओं की उलझी मन:स्थिति और भयावह आत्ममुग्धता की बानगी है। तभी तो देश भर से आने वाले रील और वीडियो बनाते समय होने वाली दुर्घटनाओं के समाचार भी इस जुनून को नहीं रोक पा रहे। तकनीक के सही इस्तेमाल की समझ ही नदारद लगती है। कुछ साल पहले तक सेल्फी खींचते हुए होने वालों हादसों में हमारा देश दुनिया में सबसे आगे था। अब यह नया जुनून देखने को मिल रहा है। अफसोस कि ऐसे जानलेवा खतरे मोल लेते हुए अधिकतर युवा आम दिनचर्या तक से दूर हो रहे हैं। मन-मस्तिष्क की ऊर्जा इस अर्थहीन शौक की भेंट चढ़ गई है। गिनती के पलों में कुछ विशेष कर दिखाने के पागलपन में कभी अश्लील हरकतों का वीडियो फिल्मा रहे हैं, तो कभी अभद्र भाषा बोल कर अलग दिखने का प्रयास कर रहे हैं।

।।आचार्य श्री विद्यासागराय: नम:।। ।।श्री आदिनाथाय: नम:।। ।।श्री महावीराय: नम:।। ।।मुनि पुगंव श्री सुधासागराय: नम:।।

भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर द्वारा

मानव सेवार्थ एक साथ विभिन्न संस्थाओं के साथ 32 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये गये।

मुख्य प्रायोजक: R K GROUP, lasting impressions, Kishangarh, Rajasthan, WONDER CEMENT EK PERFECT SHURUAAT, www.rkmarble.com | www.wondercement.com

सह प्रायोजक: ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक: समाचार जगत

# भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान

## 48 मण्डलों पर 48 दीपको से रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ

एवं



## समाज भूषण स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा स्मृति

# जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2023

**रविवार, 2 अप्रेल 2023**
**सायं 7.00 बजे से**

**स्थान : छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां नारायण सिंह सर्किल, जयपुर**

समारोह गौरव
श्रीमान् अशोक जी पाटनी
श्रीमती सुशीला जी पाटनी
आर. के. मार्बल ग्रुप

समारोह गौरव
श्रीमान् नन्द किशोर जी पहाड़िया
श्रीमान् प्रमोद जी पहाड़िया
ए. आर. एल. ग्रुप

समारोह गौरव
श्रीमती त्रिशला जी गोधा (धर्मपत्नि स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा)
श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा, श्रीमान् निशान्त जी गोधा
समाचार जगत परिवार

मुख्य अतिथि
श्रीमान् दीनदयाल जी पाटनी
प्रमुख समाज सेवी

दीप प्रज्जवलनकर्त्ता
श्रीमान् सुनील जी जैन (CA) श्रीमती सपना जी जैन
प्रमुख समाज सेवी

विशिष्ठ अतिथि
श्रीमती रेणू जी राणा, श्रीमान् मोहित जी राणा
प्रमुख समाज सेवी



श्री नरेन्द्र जैन
(गायक कलाकार)
(Voice of PinkCity)

ड्रैस कोड़ : पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र
महिला वर्ग केसरिया साड़ी

## आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक रक्तदान शिविर आयोजन करने में सहयोग करने वाली 51 संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा

✻ श्री दिगम्बर जैन महावीर शिक्षा परिषद्, ✻ प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति जनकपुरी जैन मन्दिर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फोरएवर, युवा मण्डल जनकपुरी जैन मन्दिर, ✻ श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, कल्याण नगर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमण्ड्, ✻ सखी गुलाबी नगरी, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति, मीरा मार्ग, मानसरोवर ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबी नगर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री, ✻ श्री वर्धमान दिगम्बर जैन समिति, एस.एफ.एस. मानसरोवर, श्री वर्धमान दिगम्बर जैन युवा मण्डल, श्री वर्धमान दिगम्बर जैन महिला मण्डल, ✻ अग्रवाल प्रोपर्टीज, जगतपुरा ✻ दिगम्बर जैन महासमिति सी-ईकाई, ✻ सीतापुरा इण्डस्ट्रीज एसोशियन, ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक् ✻ श्री दिगम्बर जैन मन्दिर ट्रस्ट, सेक्टर-3, मालवीया नगर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक, ✻ श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा, जिला जयपुर, भारतीय जैन मिलन, जयपुर, भारतीय जैन मिलन, महिला विंग, ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर, श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर सेवा समिति, मुरलीपुरा, ✻ जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति, जयपुर, ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, थड़ी मार्केट, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर महिला मण्डल, ✻ श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति मधुबन कॉलोनी, जय जिनेन्द्र महिला मण्डल, सेवार्थ संगठन, ✻ श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति नेमीसागर कॉलोनी, ✻ दी बार ऐसोशिएशन, सांगनेर ✻ श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय मान्यावास ✻ प्रज्ञा इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनेलिटी डवलपमेंट, ✻ श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध कार्यकारिणी संघी जी, जैन सोश्यल ग्रुप महानगर ✻ श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ प्रबन्ध समिति पार्श्वनाथ भवन, ✻ जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी, संगिनी फोरम जे.एस.जी. कैपिटल, जयपुर ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थकर ✻ एम्बीशन किड्स एकेडमी श्योपुर सांगानेर, ✻ लाडो सामाजिक सेवा संस्थान जयपुर ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी ✻ सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी ✻ TATA AIG General Ins. Co. ✻ A.D. Enterprises (ADEN) ✻ ARL Infratech Ltd. ✻ J.B. Distributors ✻ Yash Boys PG Hostel

### :: आयोजन समिति ::

मुख्य समन्वयक: यश कमल - संगीता अजमेरा
परामर्शक: दर्शन - विनीता बाकलीवाल
समन्वयक: मनीष - शोभना लोंग्या

सह-समन्वयक :: विनोद - हेमा सोगानी, चक्रेश -पिंकी जैन, अनिल-प्रेमा रांवका राजेश - रानी पाटनी, अनिल - ज्योति जैन चौधरी

संयोजक :: धीरज-सीमा पाटनी, नितेश-मीनू पाण्ड्या, संजय-ज्योति छाबड़ा, सपन-रजनी जैन छाबड़ा, पंकज-नीना जैन विजय-माया झांझरी, सुधीर-अलका गोधा, अजय-वर्षा बाकलीवाल

### आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

- राकेश-समता गोदिका, अध्यक्ष
- दिनेश-संगीता गंगवाल, परामर्शक
- मनीष-शोभना लोंग्या, कार्याध्यक्ष
- सुनील-सुनीता गोदिका, उपाध्यक्ष
- चक्रेश-पिंकी जैन, उपाध्यक्ष
- राकेश-रेणु संघी, उपाध्यक्ष
- महेन्द्र-सुनिता कासलीवाल, उपाध्यक्ष
- अनिल-निशा संघी, सचिव
- कमल-मंजु ठोलिया, सांस्कृतिक सचिव
- राजेश-रितु छाबड़ा, संगठन सचिव
- राजेश-रानी पाटनी, संगठन सचिव
- प्रदीप-प्राची बाकलीवाल, संयुक्त सचिव
- चेतन-डॉ.अनामिका पापडीवाल, संयुक्त सचिव
- राजेन्द्र-कुसुम जैन, खेल सचिव
- अनिल-अनिता जैन, कोषाध्यक्ष

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी ✻ डॉ अनुपम-विनीता जैन ✻ सपन-रजनी छाबड़ा ✻ नितेश-मीनू पाण्ड्या ✻ विशेष आमंत्रित : अशोक-अर्चना पाटनी ✻ अशोक सेठी

सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249, 9414073035

### निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

- राजेश-सीमा बड़जात्या, अध्यक्ष
- अनिल-शशि जैन, संस्थापक अध्यक्ष
- निर्मल-सरला संघी, महासचिव
- महेन्द्र कुमार पाटनी, वरिष्ठ परामर्शक
- सुरेन्द्र-मदुला पाण्ड्या, परामर्शक
- नवीन सेन-शशि जैन, परामर्शक
- यशकमल-संगीता अजमेरा, निर्वतमान अध्यक्ष
- अतुल-निलिमा बिलाला, पूर्व अध्यक्ष
- पारस-मंजू जैन, कोषाध्यक्ष

मुद्रक : वर्धमान प्रिण्टर्स 9314263204

## भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर जय जवान कॉलोनी में एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के पावन पर्व के पूर्व आज दिगंबर जैन मंदिर पार्श्वनाथ,जय जवान कॉलोनी से एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी कैलाशपुरी, मिलाप नगर, जय जवान प्रथम, द्वितीय, तृतीय, आदिनाथ नगर ,इनकम टैक्स कॉलोनी होती हुई श्रीजी मंदिर में पहुंची। प्रभात फेरी के मार्ग में लगभग 51 स्थानो पर भगवान की आरती की गई।त्रिशला महिला मंडल एवं पार्शव युवा मंडल द्वारा भगवान महावीर के संदेश एवं भजनों से भक्तिमय वातावरण गुंजित रहा। धर्म प्रभावना एवं भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने की भावना से समस्त कॉलोनी वासियों ने आज भागीदार होकर धर्म लाभ उठाया। श्रीजी मंदिर पहुंचने के पश्चात भगवान महावीर की आरती की गई।

# नौ दिवसीय रामचरित मानस की पूर्णाहुति

<u>रविंद्र श्रीमाली ने दी सेवा</u>



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** गीता रामायण सेवा संघ, अशोक नगर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय रामचरितमानस पाठ की पूणार्हुति हुई। गौरतलब है कि नौ दिवसीय रामचरितमानस पाठ में प्रतिदिन व्यासपीठ से नगर निगम के पूर्व सभापति एवं पूर्व यूआईटी चेयरमैन रविंद्र श्रीमाली ने अपनी सेवाएं प्रदान की। समापन अवसर पर उन्होंने प्रभु श्री राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित भक्तजनों से कहा कि श्री राम का नाम ही मानव जीवन को प्राप्त ईश्वरीय आशीर्वाद है। इसीलिए धर्म, संस्कृति, समाज और परिवार श्री राम की आदर्श स्थितियों में जीने के लिए चिरकाल से उनका स्मरण करता रहा है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम के रूप में पहचान रखने वाले प्रभु श्री राम का जन्म, बाल्यकाल, विवाह प्रसंग, वनवास और उनका राज्य कार्य मानव जीवन के लिए एक मर्यादित जीवन जीने का संदेश देता है। गौरतलब है कि नौ दिवसीय कथा और प्रवचन में सैकड़ों भक्तजनों के अलावा प्रेमजी, आनंदीलाल, प्रदीप, डॉ.जयराज आचार्य, देवेंद्र श्रीमाली, विनोद त्रिपाठी, सत्यनारायण रांका, बहन सरला, सुनीता, मोना, रचना, गायत्री आदि मातृशक्ति ने रामचरितमानस पाठ का आनंद लिया। इस दौरान गीता रामायण सेवा संघ के विकास के लिए सहयोगकताओं का अभिनंदन भी किया गया।

**रिपोर्ट/फोटो: दिनेश शर्मा मोबाइल: 9828540157**








# ARL Infratech Ltd बगरू में रक्तदान शिविर का हुआ भव्य आयोजन, शिविर में 88 यूनिट रक्त एकत्र

## अब तक 24 रक्तदान शिविर में 1421 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, ARL Infratech Ltd के सह प्रयोजन में लगाए जा रहे है 32 रक्तदान शिविर



**जयपुर.शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा राजस्थान रीजन के तत्वावधान में आदिनाथ से महावीर जयंती तक 32 रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है। ईसी क्रम में ARL Infratech Ltd बगरु में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे 88 रक्त यूनिट का संग्रह किया गया। सन्मति अध्यक्ष राकेश गोदिका व सचिव अनिल संघी ने बताया कि इन सभी शिविरो के आर के मार्बल ग्रुप किशनगढ़ के मुख्य प्रायोजक हैं तथा ARL Infratech Ltd व दैनिक समाचार जगत सह प्रयोजनाएं आयोजित किए जा रहे । रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या व महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि 14 मार्च से 1अप्रैल , 2023 तक लगाए गये 24 शिविरो में 1421 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है।आज लगेंगे 7 रक्तदान शिविरशिविर परामर्शक दर्शन जैन व समन्वयक मनीष लोंग्या ने बताया कि रविवार, 2 अप्रैल को 7 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 1 जय सागर फार्म हाउस वाटिका2 एंबिशन किड्स एकेडमी श्योपुर, प्रताप नगर सांगानेर3 श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 5 प्रताप नगर, सांगानेर4 श्री दिगंबर जैन मंदिर संघी जी, सी टी एस बस स्टेंड सांगानेर5 एपेक्स एकेडमी, लाल कोठी , टोक रोड, जयपुर6 श्री पार्श्वनाथ भवन नाटानियो का रास्ता चौड़ा रास्ता जयपुर7 वर्धमान हॉस्पिटल, जयपुर रोड , गंगापुर सिटीशिविर के सफल आयोजन के लिए ARL Infratech Ltd बगरु, के नंदकिशोर पहाड़िया प्रमोद पहाड़िया ने सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।






# यश पी जी में रक्तदान शिविर का आयोजन



**50 यूनिट रक्त एकत्र हुआ**

**जयपुर.शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सहयोग से तथा रीजन के तत्वावधान में गोपालपुरा बाय पास स्थित यश पीजी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर समन्वयक मनीष लोंग्या तथा यश पीजी के अनिल जाट ने बताया कि शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया ।




# धर्मनगरी पिड़ावा में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव 3 अप्रैल को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 3 अप्रैल को मनाया जाएगा। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि इस अवसर पर सोमवार को प्रातः 5:30 बजे श्री सांवलिया पारसनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर से वितराग विज्ञान पाठशाला व ब्रह्मानन्द सागर पाठशाला पिड़ावा के बच्चों द्वारा नगर में प्राभातफेरी निकाली जावेगी व सभी मंदिरों में श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम की पूजन महावीर भगवान की पूजन की जावेगी। दोपहर 2:30 श्री सांवलिया पारसनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर से बैंड बाजो के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बग्गी में भगवान महावीर की तस्वीर प्रति झांकी के साथ निकाली जाएगी। जिसमें श्रावक गण सफेद वस्त्र व श्राविकाएं केसरिया साड़ी पहनकर शोभायात्रा में भगवान की भक्ति करते हुए चलेंगें। शोभायात्रा भक्तिसंगीत के साथ नगर में घूम कर बड़े मंदिर जी में पहुचेगी। जहां भगवान का अभिषेक किया जायेगा। अभिषेक के पश्चात सकल जैन समाज व बाहर से पधारे अतिथियों का सोत का वात्सल्य भोज मांगलिक भवन में किया जायेगा। रात्रि में भगवान की सामुहिक महाआरती 7 बजे जुना मंदिर नवीन जिनालय खंडपुरा में होगी। 7:30 बजे पाठशाला के बच्चो ओर हरफनमौला कलाकार द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वाध्याय भवन पोस्ट ऑफिस के सामने रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिवहन अधिकारी समीर जैन व ब्लाक चिकत्सा अधिकारी डग डा विकास जैन होंगे।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भगवान महावीर के वार्षिक मेले का ध्वजारोहण के साथ हुआ आगाज



## जैन मुनि  के सान्निध्य में हुआ मेले का शुभारंभ

**चंद्रेश जैन. शाबाश इंडिया।**
श्रीमहावीरजी। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में वार्षिक मेला 2023 का ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुरू हुआ है। भगवान महावीर का लख्खी मेला 1 अप्रेल से 8 अप्रेल तक चलेगा। जैन मुनियों के सानिध्य में पंडित मुकेश जैन शास्त्री के मंत्रोच्चारण के बीच प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी ने ध्वजारोहण कर मेले का आगाज किया। इस मौके पर चिन्मयानंद जैन ने मंगल आशीर्वाद देकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया । कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन संस्कृत महाविद्यालय की छात्राओं ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। इसके बाद मंदिर कमेटी के प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी ने मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर ध्वजारोहण कर मेले का आगाज किया। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र महावीर जी के सुरक्षा गार्ड हवलदार मोहर सिंह हवलदार रामहरि के नेतृत्व में स्थानीय सुरक्षा गार्ड ने ध्वज को सलामी दी। महाविद्यालय की छात्राओं ने ध्वजगीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। भगवान जिनेंद्र के आठ दिवसीय मेले में अनेक सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस मेले में देश विदेश से करीब लाखों से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेले के शुभारम्भ अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने वार्षिक मेले को शांति और सुरक्षा के माहौल में संपन्न कराने पर जोर दिया। सभी समाजों के पंच- पटेल ने कहा कि हमारे क्षेत्र का ये प्रमुख मेला है। ऐसे में सभी की सामूहित जिम्मेदारी बनती है कि मेला शांतिपूर्वक सफलता के साथ सम्पन्न हो। इस मौके पर थानाधिकारी श्यामसुंदर एस.आई राम भरोसी, सरपंच प्रतिनिधि आराम सिंह, विशेषाधिकारी विकास पाटनी, सहित चांदनगांव नौरंगाबाद अकबरपुर के पंच पटेल भी उपस्थित थे ।

# 24 रथों में 24 तीर्थंकरों की चिंचवड से निकलेगी भव्य रथयात्रा



**चिंचवड सुदर्शन नगर. शाबाश इंडिया।** श्री अरिहंत दिगंबर जैन ट्रस्ट की ओर से 1008 श्री महावीर भगवान जन्मकल्याण महोत्सव अंतर्गत आदिनाथ भगवान से महावीर भगवान ऐसे 24 रथों द्वारा 24 तिर्थंकरों की प्रभावना फेरी का आयोजन किया है। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष नेमीचंद ठोले, कार्याध्यक्ष शीतल पहाडे, सतीश दोशी, शीतल शाह इन्होने दी। दि.3 अप्रैल को सुबह 7.30से 9.30 इस समय पर रथयात्रा चिंचवड परिसर से निकाली जायेगी। रथयात्रा की शुरूवात सुदर्शन नगर के 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर से होगी। फरांदे डेंटल हॉस्पिटल- प्रा मोरे नाट्यगृह- चाफेकर चौक- बस स्थानक- केशव नगर- कल्याण प्रतिष्ठान- काकडे पार्क- शिवाजी उदय मंडळ- लिंक रोड- गावडे पेट्रोल पंप- सुदर्शन नगर होते हुए मुनीसुव्रतनाथ मंदिर में खत्म होगी। इस रथयात्रा में करीब चारसौ भक्तगण सम्मिलित होगे। बाद में मंदिर जी में सुबह 9 से 11 अभिषेक, शांतीधारा,सामूहिक पूजन एवम् 11.30 बजे भगवान महावीर खका पालणा झुलाया जायेगा। इसके उपरांत वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है।



# महावीर जयंती के पावन उपलक्ष्य में नाटक "हाय बुढ़ापा" का होगा मंचन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर स्वामी के 2622 वें जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में अरिहन्त नाट्य संस्था द्वारा नाटक हाय बुढ़ापा का मंचन रविन्द्र मंच के मुख्य सभागार में 4 अप्रैल को किया जाएगा। नाटक में बताया गया है कि किसी परिवार में जब बच्चा नही होता तो वो संतान प्राप्ति के लिए भगवान की हर एक चौखट पर माथा टेकता है तब कही जा कर उसके घर मे संतान का जन्म होता है और अगर संतान के रूप में एक पुत्र का जन्म होता है तो पूरा परिवार बड़ा खुश होता है। उसके माता-पिता बड़े नाजों से उस बच्चे को पालते-पोसते है,उन्हें अपने बेटे से बड़ी उम्मीदें होती है और वक्त आता है उसकी शादी का जब एक पिता अपनी सारी पूंजी उसकी शादी में लगा देता है। माता-पिता सोचते है कि एक बहु के रूप में उनके घर मे एक बेटी का आगमन होगा। परन्तु समय चक्र इस तरह से घूमता है कि जिसे वो अपनी बेटी मानते है वही उनके दुखों का कारण बन उन्हें उनके घर से बेघर कर देती है। एक बेटा अपनी पत्नी के मोह जाल में फंस जाता है और अपने ही माता-पिता को बोझ समझ बैठता है जिसके चलते वो अपने ही जन्मदाताओं को वृद्धाश्रम में तिल-तिल कर मरने के लिए छोड़ देता है। परन्तु जब बेटे को अपनी गलती का अहसाह होता है तो उसे अपने किये गए कृत्य पर बड़ा दुःख होता है और वो अपनी गलती का प्रायश्चित करता है और अपने माता-पिता से माफी माँगता है। कुछ इसी तरह का ताना-बाना नाटक हाय-बुढ़ापा में दिखाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति शीला डोडिया, डॉ. वन्दना जैन,श्रीमति शालिनी बाकलीवाल तथा विशिष्ठ अतिथि प्रमोद पहाड़िया व प्रियव्रत सिंह जी चारण एवं चित्र अनावरण श्रीमति किरण जैन बगड़ा द्वारा व दीप प्रज्वलन डॉ. एम. एल. जैन मणि द्वारा किया जाएगा। नाटक का लेखन कैलाश सोनी द्वारा किया गया है तथा निर्देशन अजय जैन मोहनबाड़ी द्वारा किया गया है। नाटक में अजय जैन,विक्रम मीणा, विजय बंजारा, पल्लवी कटारिया, हिमांक जैन, धैर्य जैन, दुर्वा जैन, सक्षम तिवारी, ऋचा पालीवाल, प्रकाश दायमा, अंशुल शर्मा, मनीष धाबाई अभिनय कर रहे हैं तथा मंच संचालन श्रीमति अंजना जैन द्वारा किया जाएगा व मंगलाचरण रिद्धि जैन, सिद्धि जैन, इशिका जैन, तनीषा जैन रुचिका जैन द्वारा किया जाएगा।

**निवेदनः-अजय जैन मोहनबाड़ी**




# सखी गुलाबी नगरी का नये सत्र का शुभारंभ जीव दया कार्यक्रम से



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सखी गुलाबी नगरी के सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत दुर्गापुरा गोशाला में गौमाता को रोटी,चारा, गुड़ और लड्डू खिलाया।अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया कि 2023-24 का प्रथम कार्यक्रम संपन्न हुआ, 300 से अधिक सदस्यों की संस्था में निरंतर सामाजिक, धार्मिक, मनोरंजक कार्यक्रम होते रहेंगे। सेवा के इस कार्यक्रम में सह सचिव रितु जैन, पीआरओ आशा जैन, सामाजिक कार्यक्रम संयोजक रानी पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य सरोज जैन, सदस्य सुनीता जैन, मधु जैन व अन्य उपस्थिति थी।

जयपुर सोभाग्य
आचार्य वसु नंदी जी ससंघ
का भव्य मंगल प्रवेश
रविवार ,2 अप्रैल शाम 4,00 बजे
राजमन्दिर से पार्श्वनाथ भवन
आपका आगमन - सन्त का आशीर्वाद